हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परिषदीय परीक्षा 2025

## 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' (तृतीय)

# सूचना विवरणिका


उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
पो0ऑ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–244715
फोन नं0: **(05947)-252276, 254275,** फैक्स नं0 : **(05947)-255021, 252276**
email : **secy-ubse-uk@nic.in** वेबसाइट :**www.ubse.uk.gov.in**


*Improvement exam2026 3rd*

# हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परिषदीय् परीक्षा
## परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में सम्मिलित होने हेतु निर्देश

शासनादेश संख्या : RTI-312/XXIV-4-2023-01(01)2016 TC, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 4, दिनांक 26 मई 2023 में संलग्न अधिसूचना संख्या : 311/XXIV-4-2023-01(01)2016 TC दिनांक 26 मई 2023 के द्वारा प्रख्यापित "उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् परिष्कार विनियम 2023" के वर्णित प्राविधानों के क्रम में परिषद् द्वारा **हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) माह फरवरी/मार्च 2026 में वर्ष 2026 की मुख्य परीक्षा के साथ हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) की 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (द्वितीय) का आयोजन किया गया। जिसका परीक्षाफल 25 अप्रैल 2026 को घोषित किया जा चुका है। इसके उपरान्त परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2026 (प्रथम) का आयोजन किया जा रहा है। इसी के साथ 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय)' भी आयोजित की जायेगी।**

### 1. परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में सम्मिलित होने की प्रक्रिया एवं शर्तेः–

यदि हाईस्कूल (कक्षा 10) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) परिषदीय परीक्षा 2025 में अनुत्तीर्ण कोई परीक्षार्थी यदि परीक्षाफल सुधार परीक्षा (प्रथम) 2025 अथवा परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025 में भी **उत्तीर्ण नहीं** हुआ हो तो उक्त वर्णित शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के क्रम में उसे निम्नवत प्रक्रिया से हाईस्कूल (कक्षा 10) अथवा इण्टरमीडिएट (कक्षा 12 एवं केवल कृषि वर्ग के लिये कक्षा 11 सहित) **परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय)** में सम्मिलित किया जा सकेगा–

**i.** परीक्षार्थी प्रथम/द्वितीय अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में लिए गए विषय/विषयों के साथ ही तृतीय अवसर में (माह जुलाई 2026) में आयोजित होने वाली परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में सम्मिलित हो सकता है, इन **विषय/विषयों में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। परीक्षार्थी तृतीय अवसर की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही सम्मिलित हो सकेगा।**

उक्त बिन्दु **i** के सम्बन्ध में यह स्पष्ट करना है कि **यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षाफल सुधार परीक्षा** तृतीय (माह जुलाई 2026) **में सम्मिलित होना चाहता है तो वह केवल व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में ही इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। ऐसी स्थिति में उसे अपना आवेदन पत्र व्यक्तिगत परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित विद्यालयों/अग्रसारण केन्द्रों से ही आवेदन करने की अनुमति होगी।** परीक्षार्थी को तृतीय अवसर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परिषद् द्वारा निर्धारित समयावधि के अंतर्गत आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क **व्यक्तिगत आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र में जमा करना होगा।**

### 2. परीक्षा शुल्क का विवरण–

परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क एवं प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क निम्नवत देय होगा–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम | परीक्षा का प्रकार | हाईस्कूल (कक्षा 10) | | इण्टर (कक्षा 12) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परीक्षा शुल्क | प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क | परीक्षा शुल्क | प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क |
| 1 | परीक्षाफल सुधार परीक्षा (तृतीय) | व्यक्तिगत | 200.00 प्रति विषय | 50.00 | 300.00 प्रति विषय | 50.00 |

**a.** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए हाईस्कूल स्तर पर परीक्षाफल सुधार परीक्षा तृतीय में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क रू0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) प्रति विषय तथा रु0 50.00 (रू0 पचास मात्र) प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क एवं इण्टरमीडिएट स्तर पर परीक्षाफल सुधार

परीक्षा तृतीय में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क रु0 150.00 (रू0 एक सौ पचास मात्र) प्रति विषय तथा रु0 50.00 (रू0 पचास मात्र) प्रमाणपत्र–सह–अंकपत्र शुल्क देय होगा।

**b.** उक्त के अतिरिक्त **व्यक्तिगत परीक्षार्थियों से हाईस्कूल एवं इण्टर स्तर पर प्रति परीक्षार्थी रू0 10.00 अग्रसारण शुल्क भी लिया जाएगा।**

**c.** विद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने वाले एक कक्षा के समस्त परीक्षार्थियों का परीक्षा शुल्क एक साथ भी चालान द्वारा राजकोष में जमा कर सकेगा। किन्तु कक्षा 10 एवं कक्षा 12 का अलग–अलग चालान द्वारा परीक्षा शुल्क जमा किया जायेगा। **शुल्क जमा करने सम्बन्धी प्रक्रिया एवं शुल्क जमा हेतु लेखा शीर्षक पूर्ववत ही होंगे।**

## 3. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन प्रक्रिया–

**a.** परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र (परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारूप पर) निर्धारित शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। **परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**b.** निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) परीक्षार्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर **ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया संस्था (विद्यालय) के माध्यम से ही सम्पादित की जायेगी**, अर्थात परीक्षार्थी का ऑन–लाइन आवेदन उनके अभ्यर्थन की भली–भांति जॉच कर पूर्णतः संतुष्ट होने पर ही विद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा के समान ही किया जायेगा।

**c.** आवेदन प्रक्रिया ऑन–लाइन होगी। विद्यालय उन्हें मुख्य परीक्षा हेतु **व्यक्तिगत परीक्षा केन्द्र** के रूप में प्रदत्त आई0डी0 एवं पासवर्ड से ही ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया सम्पादित कर सकेगे। **कोई भी ऑफ–लाइन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

**d.** ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया सम्पादन हेतु विस्तृत निर्देश संलग्नक : एक में दिए गए हैं।

## 4. परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन का कार्यक्रम–

परीक्षाफल सुधार परीक्षा (तृतीय) 2025 की आवेदन प्रक्रिया निम्न समय सारणी के अनुसार ही सम्पादित की जाएगी। यह एक समयबद्ध कार्यक्रम है अतः इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन सम्भव नहीं होगा।

| क्र०सं० | विवरण | समयावधि | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन–लाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 08 मई 2026 (10:00 AM से) | संस्थाध्यक्ष |
| 2 | परीक्षार्थी द्वारा विद्यालय में शुल्क एवं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 20 मई 2026 (11:00 AM तक) | परीक्षार्थी |
| 3 | विद्यालय द्वारा शुल्क राजकोष में जमा करने की अंतिम तिथि | 22 मई 2026 | संस्थाध्यक्ष |
| 4 | विद्यालय द्वारा परीक्षाफल सुधार परीक्षा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 24 मई 2026 (11:59 PM तक) | संस्थाध्यक्ष |
| 5 | विद्यालय द्वारा पूरित आवेदनों की सूचना खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 26 मई 2026 | संस्थाध्यक्ष |
| 6 | पूरित आवेदनों को मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 30 मई 2026 | खण्ड शिक्षा अधिकारी |
| 7 | पूरित आवेदनों को परिषद् कार्यालय में जमा करने की तिथि | 04 जून 2026 | मुख्य शिक्षा अधिकारी |

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।

*संलग्नक : एक*

# परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय)

## ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश

### :: सामान्य निर्देश ::

**a.** परिषद् की अधिकृत वेबसाइट पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।

**b.** **परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय)** परीक्षा में सम्मिलित होने की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा **पूर्व में चयनित विषयों में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।** अर्थात् जिन विषयों के साथ परीक्षार्थी सुधार परीक्षा प्रथम/द्वितीय में सम्मिलित हुआ है, उन्हीं विषयों के साथ वह **परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय)** में सम्मिलित हो सकेगा।

**c.** विद्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन कक्षाओं (अर्थात 10 अथवा 12 अथवा दोनों जैसी भी स्थिति हो) के विद्यालय में संचालन की अनुमति हो केवल उन्हीं के आवेदन पत्र विद्यालय द्वारा भरे जायेंगे।

**d.** परिषद् द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक जितने छात्रों के आवेदन–पत्र भरे जाएंगे उनका परीक्षा शुल्क अनिवार्य रूप से चालान द्वारा राजकोष में जमा किया जायेगा।

**e.** परीक्षाफल सुधार परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षार्थी अपना आवेदन पत्र (परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारूप पर) निर्धारित शुल्क सहित अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद किसी भी परीक्षार्थी से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**f.** **संस्थाध्यक्ष, परिषद् द्वारा उन्हें उपलब्ध कराए गए नवीनतम ऑन–लाइन डाटा से परीक्षार्थी के अंकों का मिलान कर उनके इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित पात्रता पूर्ण करने के संबंध में संतुष्ट होने के उपरांत ही ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया करेंगे। सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पात्रता पूर्ण न करने वाले परीक्षार्थी के आवेदनपत्र न भरे जांय।**

**g.** निर्धारित अंतिम तिथि तक परीक्षार्थियों से प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया संस्था (विद्यालय) के माध्यम से ही सम्पादित की जायेगी, अर्थात परीक्षार्थी का आवेदन उनके अभ्यर्थन की भली–भांति जॉच कर पूर्णतः संतुष्ट होने पर ही विद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा के समान ही किया जायेगा

**h.** **व्यक्तिगत आवेदन–पत्र केवल इस हेतु मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित विद्यालयों से ही ऑनलाइन** भरे जाएंगे। इस हेतु सम्बन्धित विद्यालयों द्वारा व्यक्तिगत अग्रसारण केन्द्र वाली ID का प्रयोग किया जायेगा।

**i.** परीक्षाफल सुधार परीक्षा की आवेदन प्रक्रिया ऑन–लाइन होगी। विद्यालय उन्हें मुख्य परीक्षा हेतु प्रदत्त आई0डी0 एवं पासवर्ड से ही ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया सम्पादित कर सकेंगे। कोई भी ऑफ–लाइन आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**j.** विद्यालय द्वारा ऑन–लाइन आवेदन प्रक्रिया निम्नवत सम्पादित की जाएगी–

   **i.** सर्वप्रथम परिषद की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** पर जायें। जो पेज खुलेगा उसके दांयी ओर **Board Examination** आइकॉन पर क्लिक करें। पेज खुलने पर **Improvement Exam** पर क्लिक करें।


   **ii.** उक्तानुसार क्लिक करने पर वेबसाइट पर पेज निम्नवत खुलेगा–



**iii.** उक्त पेज पर विद्यालय अपनी 06 अंकीय आईडी **(ID)**,पासवर्ड और कैप्चा अंकित कर **Login** पर क्लिक करेंगे।


**iv.** पेज के ऊपरी भाग में ओर 'विकल्प' ऑईकॉन पर क्लिक करें।

**v.** वेबसाइट पर जो पेज खुलेगा उसकी बांयी ओर इम्प्रूवमेंट आवेदन हाईस्कूल/इम्प्रूवमेंट आवेदन इण्टर प्रदर्शित होगा।





**vi.** कक्षा 10 के लिए ओर इम्प्रूवमेंट आवेदन हाईस्कूल पर एवं कक्षा 12 के लिए ओर इम्प्रूवमेंट आवेदन इण्टर क्लिक करें।

**vii.** उक्त प्रक्रिया के उपरांत जो पेज खुलेगा उस पर परीक्षार्थी (जो सुधार परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है) के अनुक्रमांक (सर्च करें–रोल नम्बर में) की सावधानीपूर्वक अंकना कर **GET STUDENT DATA** पर क्लिक करें। परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, लिंग एवं विषय आदि का विवरण स्वतः प्रदर्शित होने लगेगा। जिस/जिन विषय/यों में परीक्षार्थी सुधार परीक्षा देना चाहता उसे अत्यधिक सावधानी से **Select** करें, उसके उपरांत **Save Improvement Ragistration** पर क्लिक करें, मैसेज बॉक्स **OK** करें, डाटा/ आवेदन सुरक्षित हो जाएगा।





अगले परीक्षार्थी के आवेदन के लिए **Add More Records** पर क्लिक कर उक्तानुसार प्रक्रिया करें। **सूच्य है कि हाईस्कूल स्तर पर अधिकतम दो एवं इण्टर स्तर पर केवल एक विषय की परीक्षाफल सुधार परीक्षा में परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकता है।**




*कक्षा 10 हेतु इम्प्रूवमेंट आवेदन हाईस्कूल **पर एवं कक्षा 12 के लिए ओर** इम्प्रूवमेंट आवेदन इण्टर **लिंक से आवेदन प्रक्रिया की जायगी।***

**viii.** पेज पर **View Improvement Data List** पर क्लिक कर आप किसी भी छात्र के डाटा (केवल विषय) को संशोधित या किसी गलत आवेदन को हटा भी सकते हैं।





**उक्तवत सभी अर्ह परीक्षार्थियों की ओवदन प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत–**

**ix.** पेज पर शुल्क चालान पर क्लिक कर बैंक/कोषागार में जमा किए गए शुल्क का विवरण आदि वांछित सूचना अंकित कर चालान को अपलोड करें एवं डाटा **Save** करें, **हाईस्कूल एवं इण्टर हेतु शुल्क अलग–अलग चालान द्वारा जमा किया जाएगा।**




**x.** उक्तवत प्रक्रिया सम्पादन के उपरांत नामावली पर क्लिक कर इम्प्रूवमेंट आवेदन हाईस्कूल /इम्प्रूवमेंट आवेदन इण्टर में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की नामावली का प्रिंट प्राप्त किया जा सकेगा।




नामावली प्रिंट करने की प्रक्रिया आवेदन पूर्ण होने के उपरांत ही सम्पादित की जाय। नामावली प्रिंट होने के उपरांत आवेदन प्रक्रिया स्वतः बंद हो जाएगी, अतः नामावली परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि के बाद ही प्रिंट करे।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।

# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## हाईस्कूल (कक्षा 10) परिषदीय् परीक्षा 2025
### परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
### व्यक्तिगत

1- विद्यालय का नाम : ........................................................................................

2- परीक्षार्थी का नाम : ........................................................................................

3- पिता का नाम : ........................................................................................

4- माता का नाम : ........................................................................................

5- हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025 का अनुक्रमांक :

अंकों में : [ ]

शब्दों में : ..........................................................................

6- परीक्षा परिणाम : अनुत्तीर्ण [ ]

7- जाति : अनुसूचित जाति / अन०जनजाति / पिछड़ी जाति / सामान्य

8- दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]

9- विषय / विषयों का नाम

जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1- [ ]

2- [ ]

*नोट : परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में परीक्षार्थी उसी विषय / विषयों में आवेदन कर सकेगा जिस विषय / विषयों के साथ वह सुधार परीक्षा 2025 (प्रथम अथवा द्वितीय) में सम्मिलित हुआ था।*

10- कुल जमा शुल्क : अंको में : ............................शब्दों में : ...............................................

11- घोषणा – :

मैं ..................................................................पुत्र / पुत्री श्री...............................................

शपथपूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं हाईस्कूल (कक्षा 10) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (तृतीय) 2025' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता / करती हूँ। मुझे 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (तृतीय) **2025**' हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्ते मान्य हैं।

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

.............................................................................................................

*नोट : आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय / अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक / प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि **20 मई 2026, 11:00 AM** तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

## उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)
## इण्टरमीडिएट (कक्षा **12** एवं कृषि वर्ग मे **F1**) परिषदीय् परीक्षा **2025**
## परीक्षाफल सुधार परीक्षा **2025** (तृतीय) में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र
## व्यक्तिगत

1- विद्यालय का नाम : ..............................................................................

2- परीक्षार्थी का नाम : ..............................................................................

3- पिता का नाम : ..............................................................................

4- माता का नाम : ..............................................................................

5- इण्टर (कक्षा 12) परीक्षाफल सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2025 का अनुक्रमांक:

अंकों में : [ ]

शब्दों में : ..............................................................................

6- परीक्षा परिणाम : उत्तीर्ण [ ] अनुत्तीर्ण [ ]

7- जाति : अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति/पिछड़ी जाति/सामान्य

8- दिव्यांग : हॉ [ ] नहीं [ ]

9- विषय/प्रश्नपत्र का नाम

जिनमें सुधार परीक्षा देना चाहता है : 1- [ ]

*नोट : परीक्षाफल सुधार परीक्षा 2025 (तृतीय) में परीक्षार्थी उसी विषय में आवेदन कर सकेगा जिस विषय के साथ वह सुधार परीक्षा 2025 (प्रथम अथवा द्वितीय) में सम्मिलित हुआ था।*

10- कुल जमा शुल्क : अंकों में : ............................ शब्दों में : ............................................

11- घोषणा :

मैं ......................................................................पुत्र/पुत्री श्री................................................

शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि उक्त सभी प्रविष्टियाँ सत्य हैं। मैंने 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा' हेतु निर्धारित अर्हताओं एवं दिशा–निर्देशों का अध्ययन कर लिया है। मैं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12) 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (तृतीय) 2025' में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करता/करती हूँ। मुझे 'परीक्षाफल सुधार परीक्षा (तृतीय) **2025**' हेतु जारी समस्त दिशा–निर्देश एवं शर्तें मान्य हैं।

परीक्षार्थी का नाम एवं हस्ताक्षर

..........................................................................................................................

*नोट : आवेदन पत्र पर सूचना अंकित कर परीक्षार्थी आवेदन पत्र, निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित व्यक्तिगत परीक्षा हेतु निर्धारित विद्यालय/अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को निर्धारित अंतिम तिथि **20 मई 2026, 11:00 AM** तक उपलब्ध करायेगा। परीक्षा शुल्क के बिना एवं अंतिम तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।*